
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 15 अप्रैल

1. **हिमाचल दिवस–** स्वतंत्रता के बाद 15 अप्रैल, 1948 ई. को 30 रियासतों के विलय के बाद हिमाचल प्रदेश का गठन मुख्य आयुक्त के प्रांत के रूप में किया गया था। इसी कारण से 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाद में 25 जनवरी, 1950 ई. को हिमाचल 'ग' श्रेणी का राज्य बनाया गया। तत्पश्चात् 1 नवम्बर 1956 को हिमाचल प्रदेश को केन्द्रशासित प्रदेश घोषित किया गया। 25 जनवरी, 1971 ई. को हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। हिमाचल प्रदेश भारत का 18वां राज्य बना था।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान, भाग 3, अध्याय 13**, पृष्ठ 222 से जोड़कर चर्चा करें।
2. **लियोनार्डो दा विंसी का जन्म–** 'मोनालिसा' और 'द लास्ट सपर' के पेंटिंग से मशहुर लियोनार्डो दा विंसी इटली का महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, इंजीनियर तथा वैज्ञानिक थे। उनका जन्म 15 अप्रैल, 1452 ई. को इटली के फ्लोरेंस प्रदेश के विंचि नामक ग्राम में हुआ था। माना जाता है कि वे एक समय में एक हाथ से लिख सकते थे और दूसरे हाथ से पेंटिंग भी कर सकते थे। कॉन्टेक्ट लेंस का सुझाव सबसे पहले विंसी ने ही दिया था। कैंची का अविष्कारक भी उन्हें ही माना जाता है। उन्होंने सबसे पहले पैराशूट, हेलिकॉप्टर, और ऐरोप्लेन का स्केच तैयार किया था। इतना ही नहीं उन्होंने सबसे पहले झूलता पूल, पैडल बोट, और मोटरकार भी डिजाइन किया था। तो हुए न बहुमुखी प्रतिभा के धनी।
3. **गुरू अर्जुनदेव का जन्म–** सिखों के पांचवें गुरू अर्जुन देव जी का जन्म 15 अप्रैल, 1563 ई. को गोइंदवाल साहिब में हुआ। उनके पिता का नाम गुरू राम दास तथा माता का नाम बीवी भानी जी था। 1590 में तरनतारन सरोवर की पक्की व्यवस्था भी उनके प्रयासों से हुई। गुरू अर्जुन देव का मुख्य कार्य सिक्खों की धार्मिक पुस्तक 'आदि ग्रंथ' को पूरा करवाना था।
4. **मौलवी अल हुसैन असीम बिहारी का जन्म–** मौलवी अल हुसैन असीम बिहारी का जन्म 15 अप्रैल, 1889 ई. को नालंदा जिले के खासगंज में एक गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने बढ़–चढ़कर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया। उन्होंने समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए काफी संघर्ष किया।
   - **संदर्भः रेडियंस, पार्ट 3**, पृष्ठ 188 के संदर्भ में चर्चा करें।
5. **विश्व कला दिवस–** वर्ष 2019 में युनेस्को के घोषणा के बाद कला के विकास, प्रचार–प्रसार और कला को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस मनाया जाता है। कला लोगों को डिप्रेशन से बचने में मदद करता है।

Monday

मधु प्रिया

# विश्व कला दिवस 15 अप्रैल




दुनियाभर में 15 अप्रैल को वर्ल्ड आर्ट डे (विश्व कला दिवस) मनाया जात है । कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस दिन को हर साल 15 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन लोगों को कला के प्रति जागरूक किया जाता है। कला हमेशा अभिव्यक्ति और भावनाओं को तलाशने का एक शक्तिशाली माध्यम रहा है। महामारी के बीच विश्व कला दिवस हम सबके लिए बहुत अधिक महत्व रखता है क्योंकि विश्वभर के लोग इस समय तनाव और अकेलेपन से जूझ रहे हैं। कला लोगों को डिप्रेशन से निपटने में मदद करता है। विश्व कला दिवस यूनेस्को द्वारा समर्पित एक दिन है। विश्व कला दिवस 2019 में यूनेस्को के सामान्य सम्मेलन के 40वें सत्र में घोषित किया गया था।हर साल 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस मनाया जाता है। यूनेस्को के अनुसार, यह कला के विकास, प्रसार और आनंद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। 15 अप्रैल, कला और प्रदर्शन कला को मनाने के लिए एक दिन के रूप में चिह्नित किया गया था क्योंकि यह महान चित्रकार लियोनार्डो दा विंची का जन्मदिन भी है। विश्व कला दिवस का पहला उत्सव 15 अप्रैल 2012 को आयोजित किया गया था। मोना लिसा के प्रसिद्ध चित्रकार लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में तारीख का चयन किया गया है।

# जयंती विशेष 15 अप्रैल

राकेश कुमार




**लिओनार्दो दा विंची** *Leonardo da Vinci*, जन्म: **15 अप्रैल** 1452 **मृत्यु- 02 मई 1519**) इटलीवासी, महान चित्रकार, आविष्कारक, संगीतज्ञ, मूर्तिकार, वैज्ञानिक, निरीक्षक, शरीर रचना वैज्ञानिक, भवन डिजाईन विशेषज्ञ, डिज़ाइनर और नगर नियोजक थे। अपने समय में उनका नाम बहुत प्रसिद्ध था और लोग उनकी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मानते थे। उनकी इसी बहुमुखी प्रतिभा के कारण उन्हें 'यूनिवर्सल मैन' की उपाधि दी गयी थी।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 15.04.2024

## आदर्श चुनाव आचार संहिता

भारतीय निर्वाचन आयोग की आदर्श चुनाव आचार संहिता (Model Code of Conduct) राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के लिये बनायी गयी एक नियमावली है जिसका पालन चुनाव के समय आवश्यक है। चुनाव आयोग चुनाव से पहले इसके लागू होने की घोषणा करता है और चुनाव के बाद इसके समाप्त होने की। यह सरकार, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों तथा जनता को दिये गये निर्देश हैं, जिसका पालन चुनाव के दौरान किया जाना जरूरी है। चुनाव आचार संहिता चुनाव की तिथि की घोषणा से लागू होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**अदाणी ग्रीन एनर्जी** लिमिटेड गुजरात के कच्छ जिले में दुनिया का सबसे बड़ा **रिन्यूएबल एनर्जी** पार्क बना रही है। यह पार्क **538 वर्ग किलोमीटर** में फैला हुआ है।

www.teachersofbihar.org

TOB
राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## ओलम्पिक खेलों पर जरूरी जानकारी Part-2

ओलिंपिक शपथ पियरे डी कुवर्तेन द्वारा लिखा गया है । एक एथलीट उद्घाटन समारोह में सभी एथलीटों की ओर से शपथ को पढ़ता है । ओलिंपिक शपथ को पहली बार 1920 के ओलिंपिक खेलों में एक बेल्जियम तलवारबाज, विक्टर बोइं ने पढ़ा था ।

पहले उद्घाटन समारोह लंदन में 1908 के ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित किए गए थे ।

उद्घाटन समारोह में एथलीटों का नेतृत्व हमेशा यूनानी टीम ही करती है । इसके पीछे मेजबान देश की भाषा की वर्णमाला के क्रमानुसार अन्य सभी टीमें चलती है । अंतिम टीम हमेशा मेजबान देश की टीम होती है ।

ओलंपिक खेल **1916, 1940 और 1944** में दो विश्व युद्धों के कारण आयोजित नही किए गए थे ।

महिलाओं ने पहली बार **1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों** में भाग लिया था ।

1896 के पहले ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेल में सबसे अधिक पदक **ग्रीस (47)** ने जीते थे ।

ओलिंपिक लौ पहली बार **1928 के एम्सटर्डम ओलंपिक खेलों** मे प्रज्वलित की गई थी ।

# मिशन दक्ष

| समय | प्रारंभ | समाप्ति | कवरेज |
| --- | --- | --- | --- |
| 08:00 बजे से 10:00 बजे तक | 15 अप्रैल 2024 से | 15 मई 2024 तक | कक्षा - 3 से कक्षा - 8 तक के विद्यार्थी। |

**मिशन के क्रियान्वयन के निम्नलिखित चरण होंगें :-**

## पहला चरण

सभी प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा - 3 से कक्षा - 8 तक के ऐसे सभी विद्यार्थियों को चिन्हित करना जो :-

1. हिंदी के कुछ वाक्य धारा प्रवाह नहीं पढ़ एवं लिख सकते हैं।
2. जो मौलिक गणित में समझ न हो।
3. अंग्रेजी वर्णमाला की जानकारी का अभाव।

## द्वितीय चरण

सभी प्रारंभिक विद्यालयों में, कक्षा-03 से कक्षा-08 तक मिशन दक्ष हेतु चिन्हित सभी बच्चों के लिए विशेष कक्षा एवं अन्य इच्छुक बच्चें भी विशेष कक्षा में भाग ले सकते है।

## तृतीय चरण

अकादमिक सत्र (2023 - 24) की वार्षिक परीक्षा में कक्षा-05 एवं कक्षा-08 में अनुत्तीर्ण छात्रों को विशेष कक्षा ग्रीष्मावकाश के दौरान ली जाएगी।

**पढ़ें बिहार, दक्ष बिहार**


15 अप्रैल
विश्व कला दिवस
की हार्दिक बधाई।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मधु प्रिया
/teachersofbihar





# 15 अप्रैल

## विश्व कला दिवस

**टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से समस्त कला प्रेमियों को हार्दिक बधाई।**



Madhu priya




सिखों के प्रथम गुरु,अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, कवि, देशभक्त और विश्वबन्धु सभी के गुण समेटे हुए

# गुरु नानक जी

जी जयंती पर सादर नमन।

जन्म-15 अप्रैल 1469 - मृत्यु- 22 सितंबर 1539

मधु प्रिया


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
15 अप्रैल
आप सभी को
हिमाचल दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
/teachersofbihar

मधु प्रिया

15 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अपने जीवन में कभी ये न सोचे की यह असंभव है।

**गुरु नानक देव जी**



राकेश कुमार